www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 29, 2014 Shift 1 Geography Question Paper

## PAPER-II
## GEOGRAPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

**J 8 0 1 4**

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in

# GEOGRAPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The landscapes produced by a single dominant geomorphic process are called as
(A) Simple Landscapes
(B) Compound Landscapes
(C) Monocyclic Landscapes
(D) Multicyclic Landscapes

**2.** Flat topped sand ridges with long dimensions extending parallel to the prevailing winds but locking the collapsing fronts are known as
(A) Whalebacks
(B) Seifs
(C) Barchans
(D) Sand drifts

**3.** The river valleys whose courses are controlled by factors which are not determinable are termed as
(A) Consequent
(B) Subsequent
(C) Insequent
(D) Resequent

**4.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I (Books) | | List – II (Authors) |
|---|---|---|---|
| a | Principles of Geomorphology | i. | L.C. King |
| b. | The study of Landforms | ii. | W.D. Thornbury |
| c. | Unstable Earth | iii. | R.J. Small |
| d. | Morphology of the Earth | iv. | J.A. Steers |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**5.** The slope replacement model was propounded by
(A) Wood (B) Davis
(C) Penck (D) Strahler

**6.** Who among the following observed that summer heating of Tibetan Plateau was the most important factor in the monsoonal circulation over India ?
(A) Fohn
(B) Koteswaram
(C) Frost
(D) Halley

**7.** According to Koppen's Scheme of climatic classification 'E' (Polar or Mountain) type climatic is found in
(A) Nagaland
(B) Arunachal Pradesh
(C) Sikkim
(D) Jammu & Kashmir

**8.** Which one of the following is not a factor that affects wind ?
(A) Pressure gradient
(B) Friction
(C) Magnetism
(D) Carioles effect

**9.** Which one of the locations listed below should have highest annual temperature range ?
(A) Equatorial Island
(B) Tropical coast
(C) Polar ice cap
(D) Mid-latitude continental centre

**10.** Which term is used to describe the conversion of a solid directly to a gas, without passing through the liquid State ?
(A) Evaporation
(B) Condensation
(C) Sublimation
(D) Freezing

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** एकल प्रमुख भू-आकृतिक प्रक्रिया द्वारा उत्पन्न भूदृश्य कहलाते हैं

(A) सरल भूदृश्य
(B) मिश्रित भूदृश्य
(C) एक-चक्रीय भूदृश्य
(D) बहु-चक्रीय भूदृश्य

**2.** दीर्घ आकारीय सपाट शीर्षों के बालु के कटक जो प्रचलित पवनों के समानान्तर फैले हैं, परन्तु निपाती अग्रांतों के बगैर हैं को किस नाम से पुकारा जाता है ?

(A) व्हेलबैक (B) सीफ
(C) बरखान (D) बालु का अपोढ़

**3.** ऐसी नदी घाटियों को जिनके मार्गों का नियन्त्रण ऐसे कारकों द्वारा होता है, जिन्हें निर्धारित नहीं किया जा सकता, को कहते हैं

(A) अनुवर्ती (B) परवर्ती
(C) अक्रमवर्ती (D) नवानुवर्ती

**4.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (पुस्तकें)** | **सूची – II (लेखक)** |
|---|---|
| a. प्रिन्सिपल्स ऑफ जियोमॉरफोलॉजी | i. एल.सी. किंग |
| b. दि स्टडी ऑफ लैन्ड फॉर्म्स | ii. डब्ल्यू. डी. थॉर्नबरी |
| c. अनस्टेबल अर्थ | iii. आर.जे. स्माल |
| d. मॉरफोलॉजी ऑफ दी अर्थ | iv. जे.ए. स्टीयर्स |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**5.** ढाल प्रतिस्थापन मॉडल किसने प्रतिपादित किया था ?

(A) वुड (B) डेविस
(C) पेन्क (D) स्ट्रॉलर

**6.** निम्नलिखित में से किसने अवलोकन किया कि तिब्बती पठार का ग्रीष्म तापन भारत पर मॉनसूनी परिसंचरण के लिये सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है ?

(A) फोहन (B) कोटेश्वरम
(C) फ्रॉस्ट (D) हैली

**7.** जलवायु वर्गीकरण की कोपेन की योजना के अनुसार 'ई' (ध्रुवीय या पर्वतीय) प्रकार की जलवायु कहाँ पाई जाती है ?

(A) नागालैंड (B) अरुणाचल प्रदेश
(C) सिक्किम (D) जम्मु एवं काश्मीर

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा पवन को प्रभावित करने वाला कारक नही है ?

(A) दाब प्रवणता
(B) घर्षण
(C) चुंबकत्व
(D) कोरिऑलिस प्रभाव

**9.** नीचे सूचीबद्ध स्थानों में से किसमें उच्चतम वार्षिक तापान्तर होना चाहिए ?

(A) विषुवतीय द्वीप
(B) उष्णकटिबंधीय तट
(C) ध्रुवीय हिमटोपी
(D) मध्य अक्षांशीय महाद्वीपीय केन्द्र

**10.** द्रव स्थिति में गए बगैर ठोस का सीधे गैस में रूपान्तर का वर्णन करने के लिये किस शब्द का उपयोग किया जाता है ?

(A) वाष्पीकरण (B) संघनन
(C) ऊर्ध्वपातीकरण (D) हिमीकरण

**11.** The main source of carbon-monoxides, as air pollutants, is
(A) Thermal decomposition of fats
(B) Dye-making
(C) Blast furnaces
(D) Gasoline motor exhausts

**12.** The vertical movement of cold water from deeper oceanic layers to replace warmer surface water is called as
(A) Turbidity
(B) Emergence
(C) Upwelling
(D) Halocline

**13.** Which one of the following types of sea floor sediments includes calcareous and siliceous oozes ?
(A) Fluvial
(B) Terrigenous
(C) Biogenous
(D) Hydrogenous

**14.** Vast numbers of herbivorous animals and carnivorous such as lions, Jackals and hyenas are found in
(A) Equatorial rainforest
(B) Taiga
(C) Campos of Brazil
(D) Savannas of Africa

**15.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a | Green Plants | i. | Decomposer |
| b. | Animal Parasites | ii. | Primary consumer |
| c. | Plant Parasites | iii. | Secondary Consumer |
| d. | Fungi | iv. | Producer |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**16.** Nomothetic approach in geography emphasizes upon ?
(A) Inductive study
(B) Law making study
(C) Ideographic study
(D) Empirical study

**17.** Which one of the following pairs does not match correctly ?

| **Author** | | **Book** |
|---|---|---|
| (A) Ibn Khaldun | – | Muqaddimah |
| (B) Al-Balakhi | – | Kitabul Ashkal |
| (C) Al-Masudi | – | Routes and Realms |
| (D) Al-Biruni | – | Kitab-al-Hind |

**18.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Geographers)** | | **List – II (Concepts Developed)** |
|---|---|---|
| i. F. Ratzel | a. | Landscape Science |
| ii. C. Ritter | b. | Areal differentiation |
| iii. R. Hartshorne | c. | Teleological view |
| iv. O. Schluter | d. | Social Darwinism |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**19.** Which one of the following is in correct sequence in the development of German geographical thought.
(A) Troll, Peschel, Hettner, Ratzel
(B) Peschel, Ratzel, Hettner, Troll
(C) Peschel, Troll, Hettner, Ratzel
(D) Ratzel, Peschel, Troll, Hettner

**20.** Who coined the term 'Cosmography' and divided it into uranography and Geography ?
(A) O. Peschel
(B) C. Ritter
(C) B. Vareneous
(D) A. Humboldt

**11.** वायु प्रदूषकों के रूप में, कार्बन-मोनोऑक्साइडस का मुख्य स्रोत है
(A) वसा का तापीय वियोजन
(B) रंग बनाना
(C) वात्या-भट्ठी
(D) गैसोलीन मोटर निकास

**12.** अपेक्षाकृत गर्म सतही जल का प्रति स्थापन करने के लिये गहन महासागरीय परतों से शीतल जल की ऊर्ध्वाकार गति क्या कहलाती है ?
(A) पंकिलता
(B) उन्मज्जन
(C) ऊर्ध्वगमन (अपवेलिंग)
(D) हैलोक्लाइन

**13.** निम्नलिखित में से कौन से प्रकार के समुद्री सतही तलछट में चूनायुक्त और सिलिकामय सिंधुपंक समाविष्ट है ?
(A) नदीय
(B) स्थलजात
(C) जीवजात (बायोजीनस)
(D) जलजात (हाइड्रोजीनस)

**14.** शाकभक्षी और मांसभक्षी पशुओं जैसे कि शेर, गीदड़ और लकड़बग्घा की विशाल संख्या पाई जाती है
(A) विषुवतीय वर्षा-प्रचुर वन में
(B) टैगा में
(C) ब्राज़ील कम्पोज़ में
(D) अफ्रीका के सवाना प्रदेश में

**15.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. हरित पादप | i. अपघटक |
| b. पशु परजीवी | ii. प्राथमिक उपभोक्ता |
| c. पादप परजीवी | iii. द्वितीयक उपभोक्ता |
| d. कवक | iv. उत्पादक |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**16.** भूगोल में विधि-विषयक उपागम किस पर बल देता है ?
(A) आगमनात्मक अध्ययन
(B) विधि निर्माण अध्ययन
(C) भाव चित्रात्मक अध्ययन
(D) आनुभविक अध्ययन

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| | **लेखक** | | **पुस्तक** |
|---|---|---|---|
| (A) | इब्न खल्दुन | – | मुकादिमा |
| (B) | अल बालाखी | – | किताबुल अशकल |
| (C) | अल मसूदी | – | रुट्स एवं रियल्म्स |
| (D) | अल बिरूनी | – | किताब-अल-हिंद |

**18.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (भूगोलवेत्ता)** | **सूची – II (विकसित अवधारणा)** |
|---|---|
| i. एफ. रैटज़ल | a. भूदृश्य विज्ञान |
| ii. सी. रिट्टर | b. क्षेत्रीय विभेद |
| iii. आर. हार्टशॉर्न | c. उद्देश्यवादी विचार |
| iv. ओ. श्लूटर | d. सामाजिक डार्विनवाद |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | ii | iv | iii | i |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**19.** जर्मन भौगोलिक विचारधारा के विकास के सिलसिले में निम्नलिखित में से किसका सही अनुक्रम है ?
(A) ट्रॉल, पैशल, हेटनर, रैटज़ल
(B) पैशल, रैटज़ल, हेटनर, ट्रॉल
(C) पैशल, ट्रॉल, हेटनर, रैटज़ल
(D) रैटज़ल, पैशल, ट्रॉल, हेटनर

**20.** 'विश्वरचना' (कोस्मोग्राफी) शब्द किसने प्रतिपादित किया और उसे यूरैनोग्राफी तथा ज्यॉग्राफी में विभाजित किया ?
(A) ओ. पैशल (B) सी. रिट्टर
(C) बी. वरेनीयस (D) ए. हमबोल्ट

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** The book entitled "Perspective on Nature of Geography (1959)" was authored by
(A) Ellen Churchill Semple
(B) Rudolf Kjellen
(C) Richard Hartshorne
(D) Isaih Bowman

**22.** Net population change is determined by
(A) Mortality
(B) Migration
(C) Fertility
(D) Both (A) and (C)

**23.** Rural house is an index of the
(A) Environment
(B) Racial Element
(C) Fashion and Style
(D) Modern Architectural Design

**24.** The stages of inception in the dynamics of urban growth refers to
(A) The factor which gives rise to a city in a particular place.
(B) The process through which separate functional districts are carved out
(C) The outward, often radial, movement of activities from the centre.
(D) The pattern of forcing activities out of an area.

**25.** The chief means of transport in Tundras is
(A) Camel (B) Donkeys
(C) Sledge (D) Horse

**26.** The development of Chennai Bangaluru corridor is based on
(A) Automobile and I.T. Industries
(B) Cotton-textile and garment industries
(C) Pharmaceutical and Chemical Industries
(D) Residential and Retail Development

**27.** Of late, the major focus in urban-industrial development is on
(A) Nodal Development
(B) Cluster Development
(C) Port-City Oriented Development
(D) Both (A) and (C)

**28.** High level managerial and executive administrative position fall in the category of
(A) Primary activities
(B) Secondary activities
(C) Tertiary activities
(D) Quarternary activities

**29.** Which of the following statements are correct ?
1. Lignite and low grade bituminous coal were formed during quarternary period.
2. Dolomite is used as refractory material and flux in iron and steel industry.
3. Solar energy, wind, hydel power and biogas are renewable resources.

Select the correct answer using codes given below :
(A) 1, 2 and 3 (B) 1 and 2
(C) 2 and 3 (D) 1 and 3

**30.** What are the three bases for spatial interaction as described in Edward Ullman's model ?
(A) Complementarity, Transferability and intervening opportunity
(B) Complementarity, Commodity specific relationship and surplus-deficit relationship.
(C) Complimentarity, convenience and residential neighbourhood.
(D) Human behaviour, convenience and transferability

**21.** "पर्सपैक्टिव ऑन नेचर ऑफ जियोग्राफी (1959)" नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(A) एलेन चर्चिल सेंपल
(B) रुडोल्फ जेलेन
(C) रिचर्ड हार्टशॉर्न
(D) इसईया बोमैन

**22.** शुद्ध (नेट) जनसंख्या परिवर्तन किसके द्वारा निर्धारित होता है ?
(A) मर्त्यता
(B) प्रवास
(C) प्रजननता
(D) (A) और (C) दोनों

**23.** ग्रामीण घर किसका सूचक है ?
(A) पर्यावरण
(B) प्रजातीय तत्त्व
(C) फैशन तथा शैली
(D) आधुनिक वास्तुकला डिजाइन

**24.** नगरीय वृद्धि की गतिकी में प्रारम्भ की अवस्था किससे सम्बन्धित है ?
(A) वह कारक जो एक विशेष स्थान में नगर को जन्म देता है ।
(B) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा अलग-अलग प्रकार्यात्मक क्षेत्रों का निर्माण होता है ।
(C) केन्द्र से गतिविधियों की बाहर की ओर, प्राय: अरीय, गति
(D) गतिविधियों को क्षेत्र से बाहर करने का प्रतिरूप

**25.** टुन्ड्रा में परिवहन का मुख्य साधन है
(A) ऊँट (B) गधा
(C) स्लेज (D) घोड़ा

**26.** चेन्नई-बंगालुरु गलियारे (कॉरिडॉर) का विकास किस पर आधारित है ?
(A) ऑटोमोबाइल तथा सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग
(B) सूती-वस्त्र और कपड़ा उद्योग
(C) औषधीय तथा रासायनिक उद्योग
(D) आवासीय तथा खुदरा विकास

**27.** हाल ही से नगरीय - औद्योगिक विकास में प्रमुख फोकस किस पर रहता है ?
(A) नॉडल विकास
(B) गुच्छ विकास
(C) पत्तन नगर उन्मुखी विकास
(D) (A) और (C) दोनों

**28.** उच्च स्तर का प्रबन्धकीय तथा कार्यकारिणी प्रशासनिक पद किस श्रेणी में आता है ?
(A) प्राथमिक गतिविधियाँ
(B) द्वितीयक गतिविधियाँ
(C) तृतीयक गतिविधियाँ
(D) चतुर्थक गतिविधियाँ

**29.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
1. भूरा कोयला और निम्न श्रेणी का बिट्युमिन कोयला चतुर्थ कल्प में बने ।
2. डोलोमाइट का लोहा एवं इस्पात उद्योग में उच्चताप सह सामग्री तथा फ्लक्स के रूप में उपयोग होता है ।
3. सौर ऊर्जा, पवन, जल विद्युत तथा बायोगैस नवीकरणीय संसाधन हैं ।

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :
(A) 1, 2 और 3 (B) 1 और 2
(C) 2 और 3 (D) 1 और 3

**30.** एडवर्ड उल्लमैन के मॉडल में वर्णित स्थानिक अंत:क्रिया के तीन आधार क्या हैं ?
(A) पूरकता, स्थानान्तरणीयता और अन्तरवर्ती अवसर
(B) पूरकता, वस्तु विशिष्ट सम्बन्ध और अतिरेक अभाव का सम्बन्ध
(C) पूरकता, सुविधा तथा आवासीय पड़ोस
(D) मानवीय व्यवहार, सुविधा और स्थानान्तरणीयता

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** Japan is one of the leading industrial countries in the world because it has
1. Developed hydel power
2. Large deposits of metallic minerals
3. High level of technological capability
4. Insular location

Which of these statements are correct ?
(A) 1, 2, 3 and 4 (B) 1, 2 and 3
(C) 1 and 3 (D) 2 and 4

**32.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** With the development of H.Y.V. rubber trees and later synthetic rubber, the rubber of the Amazon basin has become a little more than memory.

**Reason (R) :** Resources are created and destroyed by human culture.

In the context of the above two statements, which of the following is correct ?

**Codes :**
(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) (A) is wrong, but (R) is correct.
(C) Both (A) and (R) are correct and (R) explains (A).
(D) Both (A) and (R) are wrong.

**33.** Which one of the following culture realms is characterised by (i) heritage of ancient civilization and traditions of classical culture (ii) rise of ancient city-states; and (iii) importance of agriculture and horticulture including viticulture ?
(A) East European
(B) Indian
(C) Mediterranean
(D) Chinese

**34.** The paradoxical situation of co-existence of the patrilineal society and the dominating position of women characterize.
(A) Khasi Tribe
(B) Bhil Tribe
(C) Gond Tribe
(D) Tharu Tribe

**35.** Geography of public policy is concerned with geographical study of
1. Creation and implementation of public policies.
2. Implementation and monitoring of public policies.
3. Creation and evaluation of public policies.
4. Evaluation of public policies.

(A) 1 and 2 are correct.
(B) 2 and 3 are correct.
(C) 2 and 4 are correct.
(D) 1 and 3 are correct.

**36.** Which one of the following languages belong to the Semito-Hamitic linguistic family ?
(A) Gondi (B) Hebrew
(C) Spanish (D) Dutch

**37.** The statement that "Who rules East Europe, commands the Heartland who rules the Heartland, commands the world Island….." was made by
(A) Mackinder (B) Spykman
(C) Alfred Mahan (D) Whittlesey

**38.** The entire planning technique in India had been based on the model prepared by
(A) P.C. Mahalanobis
(B) Fieldman
(C) Domar
(D) V.M. Dandekar

**39.** Regional development is a
(A) Single functional Approach
(B) Multi-functional Approach
(C) Place Prosperity
(D) Rationalisation of population distribution

**31.** जापान अपने किन कारणों से विश्व में एक अग्रणी औद्योगिक देश है ?
1. विकसित जलीय विद्युत के कारण
2. धात्विक खनिजों के विशाल निक्षेप के कारण
3. उच्च स्तर की प्रौद्योगिकीय क्षमता के कारण
4. द्वीपीय अवस्थिति के कारण

इनमें से कौन से कथन सही हैं ?
(A) 1, 2, 3 और 4 (B) 1, 2 और 3
(C) 1 और 3 (D) 2 और 4

**32.** नीचे दो कथन दिये गये हैं : एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :
**अभिकथन (A) :** उन्नत प्रकार के रबर वृक्षों के विकास और बाद में कृत्रिम रबर के साथ, अमेजॅन बेसिन का रबर स्मृति से ज्यादा कुछ नहीं रह गया है ।
**कारण (R) :** संसाधन मानवीय संस्कृति द्वारा सृजित तथा नष्ट किये जाते हैं ।
उपर्युक्त दो कथनों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
**कूट :**
(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**33.** निम्नलिखित में से किस संस्कृति क्षेत्र की विशेषताएँ हैं (i) प्राचीन सभ्यता और क्लासीकीय संस्कृति की परम्परा, (ii) प्राचीन नगर-राज्यों का उत्थान और (iii) कृषि और अंगूर की खेती समेत बागवानी का महत्त्व ?
(A) पूर्वी यूरोपीय (B) भारतीय
(C) भूमध्यसागरीय (D) चीनी

**34.** पितृसत्तात्मक समाज और स्त्रियों की प्रभावशाली स्थिति के सह अस्तित्व की विरोधाभासी स्थिति किस जनजाति की विशेषता है ?
(A) खासी जनजाति (B) भील जनजाति
(C) गोंड़ जनजाति (D) थारु जनजाति

**35.** लोक नीति का भूगोल किसके भौगोलिक अध्ययन के साथ सम्बन्धित है ?
1. लोक नीतियों का सृजन और क्रियान्वयन
2. लोक नीतियों का क्रियान्वयन और निगरानी
3. लोक नीतियों का सृजन और मूल्यांकन
4. लोक नीतियों का मूल्यांकन

(A) 1 और 2 सही हैं ।
(B) 2 और 3 सही हैं ।
(C) 2 और 4 सही हैं ।
(D) 1 और 3 सही हैं।

**36.** निम्नलिखित में से कौन सी भाषा सेमिटो-हेमीटिक भाषाई परिवार से है ?
(A) गोंड़ी (B) हेब्रू
(C) स्पेनिश (D) डच

**37.** "जो पूर्वी यूरोप पर शासन करता है, वह हृदयस्थल पर शासन करता है, जो हृदयस्थल पर शासन करता है वह विश्व द्वीप को वश में रखता है ।" यह किसका कथन है ?
(A) मैकिंडर (B) स्पाइकमैन
(C) अलफ्रेड महान (D) व्हीट्लैसी

**38.** भारत में समस्त नियोजन तकनीक किसके द्वारा तैयार किये गये मॉडल पर आधारित है ?
(A) पी.सी. महालानोबिस
(B) फील्डमैन
(C) डोमर
(D) वी.एम. दांडेकर

**39.** प्रादेशिक विकास है
(A) एकल-प्रकार्यात्मक उपागम
(B) बहु-प्रकार्यात्मक उपागम
(C) स्थान समृद्धता
(D) जनसंख्या वितरण की तर्क संगतता

Prepp
Your Personal Exams Guide

**40.** According to Hufschmidt, bringout the chronological sequence in the main phases of development of Regional planning in the last 100 years of its history.

i. Cultural Regionalism Orientation
ii. Metropolitan Orientation
iii. Natural Resource Orientation
iv. Regional Science Orientation

**Codes :**

(A) iii, ii, iv, i (B) i, iii, iv, ii
(C) iv, i, iii, ii (D) iii, i, iv, ii

**41.** Who has defined that "there is only one region – the surface of the earth on which mankind finds its home" ?

(A) Minshull
(B) Vidal de la Blasche
(C) Fenneman
(D) Herbertson

**42.** The agricultural region is a

(A) Homogenous region
(B) Functional region
(C) Nodal region
(D) Natural region

**43.** Which one of the following sequences of the Himalayan ranges from South to North is correct ?

(A) Karakoram – Ladakh – Zaskar – Pir panjal
(B) Ladakh – Zaskar – Pir Panjal – Karakoram
(C) Zaskar – Pir Panjal – Karakoram – Ladakh
(D) Pir Panjal – Zaskar – Ladakh – Karakoram

**44.** The oldest and the richest coal field of India with respect to quantity of production and quality is

(A) Bokaro
(B) Jharia
(C) Raniganj
(D) Makum-Nazira

**45.** The highest and the lowest population density difference during 2001 and 2011 was recorded respectively in

(A) Haryana and Arunachal Pradesh
(B) Uttar Pradesh and Tamil Nadu
(C) West Bengal and Nagaland
(D) Bihar and Nagaland

**46.** The most important source of irrigation in Great Indian Desert (Thar) is

(A) Canal
(B) Well
(C) Tube-well
(D) All of the above

**47.** The longest west flowing Peninsular river is

(A) Godavari (B) Krishna
(C) Narmada (D) Tapti

**48.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I (Spectral Bands) | | List – II (Wavelength) |
|---|---|---|---|
| a | Visible region | i. | 8 – 12 micrometre |
| b. | Near Infrared | ii. | 1 mm – 1.0 metre |
| c. | Microwave | iii. | 0.7 – 3.0 micrometre |
| d. | Thermal Infrared | iv. | 0.4 – 0.7 micrometre |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**49.** Flow maps are used to show the distribution of which type of following data ?

(A) Line (B) Area
(C) Point (D) Volume

**50.** Cumulative frequency distribution is shown by

(A) Histogram
(B) Frequency Curve
(C) Ogive
(D) Pie diagram

Prepp
Your Personal Exams Guide

**40.** हफश्मिट के अनुसार, प्रादेशिक नियोजन के पिछले 100 वर्षों के इतिहास में उसके विकास के मुख्य चरणों में कालानुक्रमिक अनुक्रम बताइये :

i. सांस्कृतिक प्रदेशवाद अभिमुखता
ii. महानगरीय अभिमुखता
iii. प्राकृतिक संसाधन अभिमुखता
iv. प्रादेशिक विज्ञान अभिमुखता

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | ii | iv | i |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**41.** किसने यह व्याख्या की है कि "केवल एक प्रदेश है – पृथ्वी की सतह, जिस पर मानवता को अपना आवास मिला है" ?

(A) मिनशुल
(B) वाईडल डी ला ब्लाश
(C) फेनेमैन
(D) हर्बर्ट्सन

**42.** कृषि क्षेत्र है

(A) समरूप प्रदेश (B) कार्यात्मक प्रदेश
(C) नॉडल प्रदेश (D) प्राकृतिक प्रदेश

**43.** दक्षिण से उत्तर तक हिमालय की श्रेणियों के निम्नलिखित अनुक्रमों में से कौन सा सही है ?

(A) कराकोरम - लद्दाक - जास्कर - पिर पंजाल
(B) लद्दाक - जास्कर - पिर पंजाल - कराकोरम
(C) जास्कर - पिर पंजाल - कराकोरम - लद्दाक
(D) पिर पंजाल - जास्कर - लद्दाक - कराकोरम

**44.** कोयले के उत्पादन की मात्रा तथा गुणवत्ता के सम्बन्ध में भारत का सबसे पुरातन तथा सबसे समृद्ध कोयला-क्षेत्र कौन सा है ?

(A) बोकारो (B) झरिया
(C) रानीगंज (D) माकूम-नज़ीरा

**45.** 2001 और 2011 की अवधि में उच्चतम तथा निम्नतम जनसंख्या घनत्व में अन्तर क्रमश: कहाँ अंकित किया गया ?

(A) हरियाणा और अरुणाचल प्रदेश
(B) उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु
(C) पश्चिम बंगाल और नागालैंड
(D) बिहार और नागालैंड

**46.** बृहद भारतीय मरुस्थल (थार) में सिंचाई का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्रोत क्या है ?

(A) नहर (B) कुँआ
(C) नल-कूप (D) उपर्युक्त सभी

**47.** सबसे लम्बी पश्चिम की ओर बहने वाली प्रायद्वीपीय नदी कौन सी है ?

(A) गोदावरी (B) कृष्णा
(C) नर्मदा (D) ताप्ती

**48.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (स्पेक्ट्रमी बैण्ड)** | **सूची – II (तरंगदैर्ध्य)** |
|---|---|
| a. दृश्यमान क्षेत्र | i. 8–12 सूक्ष्म मीटर |
| b. लगभग-अवरक्त | ii. 1 मी.मी. – 1.0 मीटर |
| c. सूक्ष्मतरंग | iii. 0.7 – 3.0 सूक्ष्म मीटर |
| d. तापीय अवरक्त | iv. 0.4 – 0.7 सूक्ष्म मीटर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | iii | iv | i | ii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | iii | iv | ii | i |

**49.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के आँकड़े का वितरण दर्शाने के लिये प्रवाही मानचित्रों का उपयोग किया जाता है ?

(A) रेखा (B) क्षेत्रीय
(C) बिन्दु (D) आयतन

**50.** संचयी आवृत्ति वितरण किसके द्वारा दर्शाया जाता है ?

(A) आयतचित्र (B) आवृत्ति वक्र
(C) तोरण (ओगिव) (D) पाई आरेख

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide